Title: Need to conduct a survey for laying new railway lines linking Hamirpur road (UP) − Harpalpur (M.P.) and Urai − Mahoba in Uttar Pradesh-Laid.

श्री राजनारायण बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में राठ, चरखारी तहसील मुख्यालय है तथा हमीरपुर जिला मुख्यालय है, जो कि पूर्णतः रेल सुविधा से वंचित है। क्षेत्र की सम्मानित जनता की बहुत पुरानी मांग है कि हमीरपुर रोड से हमीरपुर, विवार, मुस्करा-राठ होते हुए हरपालपुर, मध्य प्रदेश तक तथा उरई से राठ-चरखारी होते हुए महोबा तक नयी रेल लाइन बिछाने की तुरंत आवश्यकता है।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से मेरी मांग है कि उक्त स्थानों को रेल से जोड़ने के लिए नयी रेल लाइन बिछाने हेतु यथाशीघ्र सर्वेक्षण कराकर स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें ताकि क्षेत्रीय लोगों, व्यापारियों तथा पर्यटकों को रेल सुविधा का लाभ मिल सके।